# सराहनीय कार्य
# इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

*प्रेस नोट- दिनांक 18.09.2023*

**इटावा पुलिस द्वारा 01 मोबाइल चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 01 मोटर साइकिल की गयी बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 17.09.2023 को प्रार्थिनी नैन्सी राठौर पुत्र राजीव कुमार राठौर निवासी एकता कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर अपने 01 मोबाइल चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना दी, सूचना पर तत्काल थाना **फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 296/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया**।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 17/.09.2023 की रात्रि को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 व्यक्ति को **सुन्दर पुर बिजली घर के पास से समय 23.50 बजे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।**

**पुलिस पूछताछ**

पकडे गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा नाम/पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस एवं 01 मोबाइल रियलमी कम्पनी का बरामद किया गया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोबाइल मैनें व मेरे साथी ने यह मोबाइल पक्का बाग तिराहे से एक लड़की के बैग से चोरी किया था हम लोग ऐसे ही मोबाइल चोरी कर धन लाभ अर्जित करते हैं।

**उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 296/23 धारा 379 भादवि में थाना 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।**

**नोटः- अभियुक्त की निशादेही के आधार पर साजिद पुत्र नसीम निवासी मंसूर वाली गली आजाद नगर टीला थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया है जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. मोहम्मद कैफ उर्फ अनम पुत्र मोहम्मद शानू निवासी आजाद नगर टीला थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 19 वर्ष।**

**पंजीकृत अभियोगः-**

1. मु0अ0सं0 296/23 धारा 379/411 भादवि थाना फ्रैण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. **01 मोटरसाइकिल पैशन प्रो0 ( UP 75 T 0163 )**
2. **01 चोरी किया गया मोबाइल ( रियलमी कम्पनी )**
3. **1 अवैध तमंचा 315 बोर**
4. **02 जिंदा कारतूस 315 बोर**

**पुलिस टीमः-** निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रैण्ड्स कालोनी, उ0नि0 अनुभव चौधरी, उ0नि0 प्रेमचन्द, हे0का0 बबलू अली, का0 सौरभ,।